# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## CUH Students got Placement

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 24-08-2022**

# तीन विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) महेंद्रगढ़ के तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार मिला है। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एम फार्मा में अध्ययनरत महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को उनकी योग्यता एवं तकनीकी परीक्षणों के आधार पर प्लेसमेंट मिला है।

विभाग के अन्य छात्र अंजुमन नंदा का चयन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर), रायबरेली में पीएच.डी. कार्यक्रम हेतु हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और विभाग के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि फार्माकोविजिलेंस, ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स, मेडिकल अंडरराइटिंग आदि के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो.



महक वर्मा



दीपक कुमार



नितेश फरवा



छात्र अंजुमन

नीलम सांगवान ने विद्यार्थियों को मिली उपलब्धि पर हर्ष जताया। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को क्रमशः ईएसएस लाइफ साइंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, रीचर्लो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली तथा प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड गुरुग्राम में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 24-08-2022**

## हकेंवि के विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विवि के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।



फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एम.फार्म. में अध्ययनरत महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को उनकी योग्यता एवं तकनीकी परीक्षणों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार व स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विद्यार्थियों को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को दिल्ली-गुड़गांव की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने विभाग के शिक्षकों डॉ. सुमित कुमार, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. अशोक जांगड़ा और डॉ. मनीषा पांडे के प्रयासों की सराहना की।

## अंजुमन नंदा करेगा एनआईपीईआर से पीएचडी

वहीं विभाग के एक अन्य छात्र अंजुमन नंदा का चयन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईपीईआर), रायबरेली में पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए हुआ है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 24-08-2022**

# तीन छात्रों का हुआ प्लेसमेंट नंदा का पीएचडी में चयन



दीपक कुमार



महक वर्मा



अंजुमन नंदा



नितेश फरवा

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़:** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) के तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एमफार्मा में अध्ययनरत महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को उनकी योग्यता एवं तकनीकी परीक्षणों के आधार पर शार्टलिस्ट किया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और विभाग के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि फार्माकोविजिलेंस, ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स, मेडिकल अंडरराइटिंग आदि के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं। स्कूल आफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विद्यार्थियों को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि फार्मेसी, दवा और टीकों की सुरक्षा के निर्माण और विनियमन के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार ने बताया कि महक वर्मा, नितेश फरवा व दीपक को क्रमशः ईएसएस लाइफ साइंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, रीच ला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली तथा प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड गुरुग्राम में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विभाग के एक अन्य छात्र अंजुमन नंदा का चयन नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआइपीईआर), रायबरेली में पीएचडी कार्यक्रम के लिए हुआ है। उन्होंने विभाग के शिक्षकों डा. सुमित कुमार, डा. तरुण कुमार, डा. अशोक जांगड़ा और डा. मनीषा पांडे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग शत-प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 24-08-2022**

# हकेंवि के तीन विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

- एम फॉर्म में अध्ययनरत हैं तीनों विद्यार्थी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एम-फार्म में अध्ययनरत महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को उनकी योग्यता एवं तकनीकी परीक्षणों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया है।



महेंद्रगढ़। विश्वविद्यालय के छात्र।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 24-08-2022**

## ह.के.वि. के तीन विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट


*महक वर्मा।*


*नितेश फरवा।*


*दीपक कुमार।*


*अंजुमन नन्दा।*

महेंद्रगढ़, 23 अगस्त (परमजीत, मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (ह.के.वि.), महेंद्रगढ़ के तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एम. फार्म. में अध्ययनरत महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को उनकी योग्यता व तकनीकी परीक्षणों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और विभाग के शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि फार्माकोविजिलेंस, ड्रग रेगुलेटरी अफेयर्स, मैडीकल अंडरराइटिंग आदि के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं उपलब्ध हैं।

स्कूल ऑफ इंटरडिसिप्लिनरी एंड एप्लाइड साइंसेज की अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने विद्यार्थियों को मिली इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि फार्मेसी, दवाओं और टीकों की सुरक्षा के निर्माण और विनियमन के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डा. दिनेश कुमार ने बताया कि महक वर्मा, नितेश फरवा और दीपक कुमार को क्रमश: ई.एस.एस. लाइफ साइंसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम, रीचर्लो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली तथा प्रामेरिका लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड गुरुग्राम में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। वहीं विभाग के एक अन्य छात्र अंजुमन नंदा का चयन नैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (एन.आई.पी.ई.आर.), रायबरेली में पीएच.डी. कार्यक्रम हेतु हुआ है। उन्होंने विभाग के शिक्षकों डा. सुमित कुमार, डा. तरुण कुमार, डा. अशोक जांगड़ा और डा. मनीषा पांडे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग निवर्तमान एम.फार्मा. विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत प्लेसमेंट के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari (Rewari)** **Date: 24-08-2022**

## हकेवि के तीन विद्यार्थियों को मिला प्लेसमेंट

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल कंपनियों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग में एम.फार्म. में अध्ययनरत महक, नितेश और दीपक को उनकी योग्यता एवं तकनीकी परीक्षणों के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया है।